परंपरागत व आकर्षक ढंग से मनाया जाए गणतंत्र दिवस: सीडीओ

⇨ सरकारी व गैर सरकारी भवनों में प्रातः साढ़े आठ बजे होगा ध्वजारोहण

⇨ गणतंत्र दिवस पर होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार



फतेहपुर, (अमर चेतना)। गणतंत्र दिवस को मनाए जाने की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान तथा पूर्ण गणतंत्र बनने की याद दिलाने वाला 76 वें गणतंत्र दिवस को परंपरागत रूप से सादगी के साथ आकर्षक ढंग से मनाया जाये।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों एवं शहीदों की मूर्तियों, स्थलों की साफ सफाई, चूने का छिड़काव जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने तहसील अंतर्गत अमर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया जाय एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का भी माल्यार्पण, मिष्ठान, अंगवस्त्र देकर सम्मानित करें। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी/गैर सरकारी भवनों में प्रातः 08.30 बजे ध्वजारोहण एवं अनिवार्य रूप से राष्ट्रगान किया जाये तत्पश्चात संविधान में उल्लेखित संकल्प को भी पढ़ा जाय। इस अवसर पर संस्कृति व सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाये। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी द्वारा प्रातः 08.30 बजे ध्वजारोहण तत्पश्चात गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अम्बेडकर पार्क स्थित बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। जनपद के सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मुख्यालय में उपस्थित रहकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए गणतंत्र दिवस पर व्याख्यान दिए जाए। कार्यक्रम के दौरान भारत के संविधान में दी गई जानकारी से सर्वसामान्य को अवगत कराया जाये। इसी प्रकार तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाये। जिलाधिकारी द्वारा शहीद स्मारक पुलिस लाइन में अमर शहीद हिकमत उल्ला खां, डिप्टी कलेक्टर की स्मृति में माल्यार्पण करेंगे। प्रातः 10 बजे जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण फहराया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम किए जाएंगे जिनमें राष्ट्रगान का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो, खेलकूद, विचार, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता अखंडता, धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर बल दिया जाय के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही जनपद में अन्य निर्धारित कार्यक्रम भी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाय। जिन कार्यालयों का सबसे स्वच्छ व सुंदर कार्यक्रम किए जाएंगे को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के समारोह में मतदान के लिए व केन्द्र/प्रदेश सरकार की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जागरूक किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), उप जिलाधिकारी सदर, खागा, बिन्दकी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एआरटीओ, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

फतेहपुर, (अमर चेतना)। खागा कोतवाली क्षेत्र के छीमी पुरइन मुन्ना का पुरवा के समीप गुरूवार की शाम बाइक की चपेट में आ जाने से 18 वर्षीय साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं शुक्रवार की सुबह अन्य अस्पताल ले जाते समय रास्तें मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार छीमी पुरइन मुन्ना का पुरवा गांव निवासी बीरबल का पुत्र गोलू गुरूवार की शाम पांच बजे साइकिल से बाजार जा रहा था। तभी गांव से कुछ दूरी पर तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। आज सुबह जवाब मिल जाने पर घायल को दूसरे अस्पताल ले जा रहे तभी रास्ते में उसने दम तोड दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

जिला प्राइवेट बस एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

⇨ प्राइवेट बसों के मार्गों से निगम की बसों को रोकने की मांग

फतेहपुर, (अमर चेतना)। प्राइवेट बसों के मार्गों से रोडवेज परिवहन निगम की बसों को हटाए जाने के साथ ही प्राइवेट बसों पर लटक कर व छत पर बैठकर सफर करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं की समस्या को लेकर शुक्रवार को जिला प्राइवेट बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिला प्राइवेट बस एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष फरहत अली सिद्दीकी की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया कि जिले में प्राइवेट बसों के बारह मार्ग हैं। जिसमें सभी मार्गों की एक समस्या अवैध छोटे वाहनों का बस मार्ग पर संचालन के साथ ही बस स्टैण्ड के बगल में छोटे वाहनों ने भी अपना स्टैण्ड बना रखा है। उनका एक दबंग मुंशी होता है जो पूरी व्यवस्था देखता है। जिससे प्राइवेट बसों में यात्री बैठ नहीं पाते। बताया कि बिंदकी-फतेहपुर वाया कुंवरपुर मार्ग पर 26 बसें हैं। सौ से ऊपर छोटे वाहन संचालित हैं। यह सारे छोटे वाहनों के स्वामी क्षेत्रीय होते हैं। अगर बस का कोई स्टाफबोलता है तो आगे आओ देख लेने की धमकी देते हैं। कई बार तो चालक व परिचालक के साथ मारपीट भी करते हैं। बताया कि बिंदकी-फतेहपुर व फतेहपुर-कड़ा मार्ग पर प्राइमरी से डिग्री कालेज सौ से ऊपर है। सुबह-शाम छात्र-छात्राएं व अराजकतत्व बगैर किराया अदा किए यात्रा करते हैं। थोड़ी जो कसर बची है वह परिवहन निगम की बसें बिंदकी से आठ-दस चलती हैं। इसी तरह खागा-महेवा मार्ग पर भी परिवहन निगम का संचालन होता हे। जिससे बस स्वामी आर्थिक मुखमरी से जूझ रहे हैं। दस वर्षों से प्राइवेट दो या तीन बसें ही नई आती है। बसों की स्थिति दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है। अगर छोटे वाहनों पर बसों के मार्ग पर अंकुश नहीं लगा तो प्राइवेट बसें खत्म हो जाएंगी। मांग किया कि छात्र-छात्राओं को बिना किराया बस में लटक कर या छत पर बैठकर सफर करने से रोका जाए और प्राइवेट मार्गों से निगम की बसें हटाई जाएं। इस मौके पर रजोल शुक्ला, मनोज कुमार तिवारी, संतोष मिश्रा, मुन्ना सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, सोनू अवस्थी भी मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान: गांव को किया चकाचक



फतेहपुर, (अमर चेतना)। विजयीपुर विकास खंड के पहाड़पुर ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन अभियान क्रम में गांव की गलियों में झाड़ू लगाकर गांव को चकाचक किया। मेरा गांव स्वच्छ गांव स्वच्छता साफ सफाई का संदेश दिया। गांव की गलियों में ग्रामीणों ने सेवारत सफाई कर्मियों के साथ मिल जुलकर स्वच्छ भारत संकल्प मोदी मिशन हमारी पंचायत हो साफ स्वच्छ की प्रेरणा अनुसरण करते हुए ग्रामीणों ने गांव की गलियों में झाड़ू लगाकर साफ सफाई स्वच्छता का अभियान चलाया। गांव के समाजसेवी राजीव त्रिवेदी, (कोटेदार) राममोहन घनश्याम, रोहित, शिवभवन आदि ग्रामीणों ने स्वच्छता पर जोर देते हुए बताया कि मेरी पंचायत मैं ही समस्या मै ही समाधान अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए हमें अपनी पंचायत को साफ स्वच्छ रखना चाहिए।

धूप खिलते ही पार्कों में चहक उठे बच्चे

⇨ सर्द हवाओं के कहर से मिली राहत



फतेहपुर, (अमर चेतना)। पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी के असर मैदानी इलाकों में जारी है। सर्द हवाओं के झोंकों ने जहां लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया। कई दिनों से पारा लुढ़कने की वजह से बेहाल जनमानस को शुक्रवार को सुबह से खिली धूप से राहत की सांस मिली। ठंड के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों में पहले छुट्टी घोषित कर देने से छोटे बच्चों व स्कूल जाने वाले अन्य बच्चों को राहत रही। सुबह हल्की धूप खिलते ही लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली। महिलाओं के साथ बच्चों ने भी छतों पर धूप का आनन्द लिया। शहर के पक्का तालाब स्थित प्रसिद्ध पंडित अटल बिहारी बाजपेई पार्क, खलील नगर के शहीद हिकमत उल्ला पार्क, तहसील रोड के लोहिया पार्क में बच्चों ने धूप में खेलकर छुट्टी का आनन्द लिया। वहीं धूप ढलते ही एक बार फिर से सर्द हवाओं ने माहौल को घेरकर लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। शाम होते-होते एक बार फिर सर्द हवाओं के कहर से जनमानस कराह उठा। शीतलहर के कारण ज़बरदस्त ठंड का लोगों को एहसास होने लगा और देखते ही देखते सड़के तेज़ी से सुनसान होने लगी। घरों के अंदर भी सर्दियों से राहत के लिए लोग रज़ाई कंबल के साथ हीटर, ब्लोवर का सहारा लेते रहे। वहीं मौसम विभाग की माने तो फिलहाल शीतलहर व ठंड़ से लोगों को राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है।

जहर खा युवक ने दी जान

फतेहपुर, (अमर चेतना)। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जहूपुर में गुरूवार की देर रात संदिग्ध अवस्था में 25 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जहूपुर गांव निवासी अवधेश कुमार बाजपेयी का पुत्र अमन कुमार बाजपेयी ने गुरूवार की देर रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगडने लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रहणी शोरूम का किया उद्घाटन



फतेहपुर, (अमर चेतना)। ग्रहणी सूट साड़ी संग्रह शोरूम का मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि अभय प्रताप सिंह द्वारा प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए इसे जनपद के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया। शुक्रवार को शहर के आईटीआई रोड स्थित ग्रहणी सूट व साड़ी संग्रह का मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप पप्पू सिंह द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रोपाइटर नेहा गुप्ता ने बताया कि महिलाओं के पपरम्परागत परिधान साड़ी, लंहगा व सभी तरह के सूट की वेरायटी उपलब्ध है। बताया कि प्रतिष्ठान में उच्च क्वालिटी के शादी विवाह एवं मांगलिक कार्यक्रमो के अवसर पर पहनने वाले कपड़ो की आधुनिक श्रंखला के साथ साथ डेली वियर के सूट एव साड़ियों की वेरायटी उपलब्ध है। बताया कि शादियों की खरीददारी करने लोगो को महानगरों का रुख करना पड़ता था जनपद में एक ही छत के नीचे उच्च क्वालिटी के नामी गिरामी ब्रांड के कपड़ो की श्रंखला उपलब्ध होने से लोगों को दूसरे जनपद जाने की ज़रूरत नही रहेगी। इस मौके पर आंनद गुप्ता व संतोष गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, पूर्वी गुप्ता, अनुभव श्रीराम गुप्ता, संजय गुप्ता, आदर्श सिंह, प्रदीप सिंह, प्रखर सिंह समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

आईटीआई में रोजगार मेला 21 को

फतेहपुर, (अमर चेतना)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि 21 जनवरी को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में जेआरजी आटोमोटिव कम्पनी प्रतिभाग कर रही है। जिसको 150 अभ्यर्थियों की अवश्यकता है। कम्पनी में हाईस्कूल उत्तीर्ण व आईटीआई किसी भी व्यवसायों से पास आउट अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी के तरफ से 08 घंटे का 12000 सैलरी प्रदान की जायेगी और चार घन्टे प्रतिदिन ओवर टाइम करने पर 20000 रूपए मासिक प्रदान किया जायेगा।

करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

फतेहपुर, (अमर चेतना)। खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम महिमापुर उर्फ सूरतपुर में गुरूवार की दोपहर करन्ट की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार महिमापुर उर्फ सूरतपुर गांव निवासी स्व0 राममूरत का पुत्र संजय उर्फ संदीप गुरूवार की दोपहर समर सर्बिल चालू करने गया तभी स्टाटर में उतर रहे करन्ट की चपेट में आ जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

सेनानायक ने पीएसी के मुख्य द्वार का किया उद्घाटन

⇨ गेट नं.-1 का कराया गया नवीनीकरण



फतेहपुर, (अमर चेतना)। पीएसी वाहिनी के मुख्य द्वार गेट नंबर-1 का नवीनीकरण जीर्णोधार होने के बाद उद्घाटन 12 वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक सर्वानंद सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर मुख्य गेट को विधवत फूलों की लड़ियों से सजाया गया था और बैंड बाजे की धुन पर तमाम लोगों की उपस्थिति में गेट का शुभारंभ हुआ। नवीनीकृत गेट में टायल्स लगाए गए हैं। स्टील का गेट लगाया गया। इसके साथ ही बाउंड्री को भी नए तरीके से जीर्णोधार किया गया है। इस दौरान दूर से पीएसी के मुख्य गेट की ओर जब कोई देखेगा तो यह गेट और बाउंड्री अपनी ओर लोगों को आकर्षित करेगा। इस अवसर पर शिविर पाल महेंद्र सिंह, दलनायक चंद्र भूषण पांडेय, आईटीसी प्रभारी विनय कुमार पांडेय, आउटडोर प्रभारी सत्येंद्र सिंह, रीडर धर्मेंद्र सिंह यादव, इंद्र बहादुर शर्मा, सूबेदार मेजर बृजेंद्र सिंह एवं शहाबुद्दीन अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कृषि यंत्रों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन आज

फतेहपुर, (अमर चेतना)। उप कृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर वितरित किये जाने हेतु कृषि यंत्रों का ई-लाटरी के माध्यम से होगा चयन।

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रमोशन आफएग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफक्राप रेज्ड्यू पार्ट-3 योजनांतर्गत 30 लाख की परियोजना लागत के कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उद्यमी हेतु एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन पार्ट-2 योजनांतर्गत समस्त कृषि यंत्र कृषि ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक तथा हाइटेक हब फार कस्टम हायरिंग आदि का चयन ई-लाटरी के माध्यम से जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कल (आज) अपरान्ह तीन बजे से विकास भवन में सम्पन्न करायी जायेगी। इसलिए जनपद के जिन कृषक बन्धुओं द्वारा 06 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पार्टल पर ऑनलाइन बुकिंग किया है वह सभी कृषक शनिवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली ई-लाटरी में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें।

ललौली में साप्ताहिक बंदी को सफल बनाने की पहल

फतेहपुर, (अमर चेतना)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के साप्ताहिक बन्दी के अनुपालन हेतु उद्योग व्यापार मण्डल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा की संतुति के उपरान्त ललौली व्यापार मण्डल के

व्यापार मंडल ने प्रतिष्ठान स्वामियों से की अपील

अध्यक्ष मो0 जुबैर की अगुवाई में शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी को लेकर व्यापारियों से अपील करते हुए प्रतिष्ठान बंद करने का आहवान किया गया। उपाध्यक्ष महबूब अली ने समस्त व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि शासन प्रशासन के नियमों का पालन करना हम सभी का कर्तव्य हैं। ललौली व्यापार मण्डल समस्त व्यापारीयों से अनुरोध करता है कि साप्ताहिक बन्दी व अन्य सभी नियमों का पालन करें। इस मौके पर साजिद अली, अवधेश, निजाम मोहम्मद, वसीम खां, फहीम, कंधइया, मुस्तकीम, एकलाख खान, नफीस, सेराज, रहीस सहित व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।

अवैध ईंट भट्ठे व कोयला भट्ठियां हवा में फैला रही जहर

➢ युवा विकास समिति ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र



फतेहपुर, (अमर चेतना)। जिले में संचालित हो रहे अवैध ईंट भट्ठे व कोयला भट्ठियों से हवा में फैल रहे जहर के बाबत युवा विकास समिति ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को शिकायती पत्र खिलकर इनके संचालन पर रोक लगाए जाने के लिए तहसील स्तर पर एसडीएम को निर्देशित किए जाने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में युवा विकास समिति ने अवगत कराया कि जिले में संचालित ईंट भट्ठो की संख्या कुल 490 है जिसमें 214 भट्ठो का लाइसेंस प्रदूषण बोर्ड द्वारा नहीं लिया गया है। 63 कोयला भट्ठी का लाइसेंस जनपद में प्राप्त है। युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि बहुआ क्षेत्र के चारों ओर अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार जोरों पर है। ईंट भट्ठा संचालक शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बिना लाइसेंस के कई ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। ईंट भट्ठों के संचालक मोटी रकम कमाई कर रहे हैं। इससे शासन प्रशासन को लाखों रुपये की राजस्व क्षति हो रही है। जिले में ईंट भट्ठे के कारोबार करने की होड़ मची हुई है। जबकि शासन के निर्देशानुसार ईंट भट्टे लगाने के लिए बाकायदा शासन से अनुमति की आवश्यकता है मगर अनुमति नहीं ली जाती। ईट भट्टों में लकड़ी और कंडे का उपयोग न कर चिमनी और कोयले से इन्हें पकाया जाता है। दर्जनों ईंट भट्टे नियम विरूद्ध संचालित हो रहे हैं। जिला प्रशासन की नाक के नीचे अवैध ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है और राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं। यहां के लोगों का कहना है कि उनकी मिलीभगत से अवैध ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं। प्रदूषण बोर्ड द्वारा पत्र जारी करके तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी को अवैध ईंट भट्ठों पर रोक लगाने के लिए निर्देशित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस अब 20 को

फतेहपुर, (अमर चेतना)। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव अनिल कुमार की ओर से जारी पत्र के अनुसार तृतीय शनिवार 18 जनवरी को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित करने के निर्देश दिए गए हैं। अब संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 20 जनवरी सोमवार को किया जाएगा।

छोटे भाई पर चाकू से हमला

बांदा, (अमर चेतना)। गाली गालौज का विरोध करने पर बड़े भाई ने छोटे भाई के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। शोर गुलसुनकर मौके पर पहुंचे परिवार के अन्य लोगो ने समझा बुझाकर मामले को शांत करा दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक अन्य घटना में युवक को मामूली विवाद में युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव निवासी 23 वर्षीय रामचंद्र पुत्र जगत प्रसाद शुक्रवार की सुबह घर के बाहर बैठा था। तभी नशे में धुंत होकर घर पहुंचा बड़ा भाई अकारण गाली गलौज करने लगा। रामचंद्र ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनो भाईयो के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनो भाईयो के बीच हाथा पाई हो गई। बड़े भाई ने छोटे भाई रामचंद्र के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। सुनकर बचाने पहुंचे पिता जगत प्रसाद को भी मारपीट कर घायल कर दिया। रामचंद्र का कहना है कि उसने पुलिस को सूचना दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया।

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठन का हुआ विस्तार

➲ जिला बैठक में हुकुम चंद्र बने तहसील अध्यक्ष



बांदा। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन की नये वर्ष में प्रथम बैठक संकट मोचन के पास एक कार्यालय में जिलाध्यक्ष पत्रकार प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव नंदकिशोर शिवहरे ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिले के पदाधिकारियों को परिचय पत्र वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन पेजा के महामंत्री अनिल सिंह गौतम ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत दिवांगत अंगद शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर उनको याद किया। मुख्य अतिथि श्री शिवहरे ने कहा कि संगठन को मजबूत करें और मंडल में किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय हो रहा हो तो उसका सभी पत्रकार मिलकर सहयोग करें और उनकी लड़ाई लड़कर न्याय दिलाएं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश चंद्र कुशवाहा पत्रकारों के हित में लगातार पूरे देश का भ्रमण करके और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आयोग का गठन लागू हों इसकी लड़ाई लगातार सरकार से लड़ रहे हैं। पेजा के पूर्व जिलाध्यक्ष पत्रकार बसंत गुप्ता ने संगठन को मजबूत करने के लिए जोर दिया। बैठक में शुक्रवार को पत्रकारों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसमें हुकुमचंद्र सेठी को तहसील अध्यक्ष बबेरू, जिला उपाध्यक्ष बसंत गुप्ता, महामंत्री अनिल सिंह गौतम, संजय सिंह व कामता सोनी को सचिव बनाया गया है। बैठक में प्रमोद शुक्ला कोषाध्यक्ष, प्रकाश गुप्ता, नरेंद्र सिंह तोमर, शुभम सिंह रघुवंशी सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

विद्युत कर्मियों ने चौथे दिन काली पट्टी बांधकर दर्ज कराया विरोध

⇨ आरोप: निजीकरण के बाद बिजली कर्मचारियों व अभियंताओं की होगी छटनी



फतेहपुर, (अमर चेतना)। विद्युत कर्मचारी संघ के संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आवाहन पर लगातार चौथे दिन भी बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज किया और विरोध सभा की। काली पट्टी बांधकर विरोध सभा करने का अभियान 18 जनवरी को भी जारी रहेगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण के बाद बिजली कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं की बड़े पैमाने पर छंटनी होने वाली है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में कर्मचारियों के 44330 पद हैं और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में कर्मचारियों के 33161 पद है। निजीकरण होने के बाद यह 77491 पद समाप्त हो जाएंगे और स्वाभाविक तौर पर कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छटनी होगी। इसमें 50 हजार संविदा कर्मी, 23818 तकनीशियन और अन्य कर्मचारी, 2154 जूनियर इंजीनियरों और 1518 अभियंताओं के पद हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण होने के पहले ही संविदा कर्मियों की छटनी की जा रही है जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा है। निजीकरण के बाद दिल्ली और उड़ीसा में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को वीआरएस देकर हटाया गया था। आगरा में टोरेंट पॉवर कंपनी ने पॉवर कॉरपोरेशन के एक भी कर्मचारी को नहीं रखा था। ग्रेटर नोएडा में नोएडा पॉवर कंपनी ने भी उप्र राज्य विद्युत परिषद के एक भी कर्मचारी को नहीं रखा था। इन सबको देखते हुए बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। निजीकरण हेतु ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के आरएफ्पी डॉक्यूमेंट में अर्ली वीआरएस का उल्लेख किया गया है। सामान्यतया वी आर एस 30-35 साल की नौकरी वाले कर्मचारियों के लिए होता है किन्तु अर्ली वीआरएस से ऐसा प्रतीत होता है कि बहुत कम सर्विस वाले कर्मचारियों की छुट्टी की जाने वाली है। इस मौके पर जिला सह संयोजक लवकुश कुमार, पंकज तिवारी, पंकज मौर्य, राजेश कुशवाहा, दीपक सिंह, अतुल सिंह भी मौजूद रहे।

दबंग पिता पुत्र ने युवक पर किया जानलेवा हमला

फतेहपुर, (अमर चेतना)। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम मुचुवापुर में घर के बाहर अलाव ताप रहे 45 वर्षीय को पुरानी रंजिश को लेकर पिता पुत्र ने लाठी डन्डा व धारदार हथियार मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर तहकीकात शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार मुचुवापुर गांव निवासी रामस्वरूप का पुत्र सुन्दर गुरूवार की शाम घर के बाहर बैठा अलाव ताप रहा था तभी पुरानी रंजिश को लेकर घर के सामने रहने वाले दबंग पिता रामखेलावन व पुत्र संदीप ने लाठी डन्डा व धारदार हथियार मारकर बुरी तरह घायल कर दिया और धमकी देते हुये भाग खडे हुये परिजन घायल को लेकर थाने पहुंचे जहां पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दिया। इलाज के दौरान घायल के परिजनों ने बताया कि पुरानी जमीनी रंजिश चली आ रही है जिसको लेकर पिता व पुत्र आये दिन घायल व उनके परिजनों को धमकी दिया करते थे और कल धोके से सुन्दर की बकरी संदीप के खेत में चली गयी।

अबोध की बलि देने के आरोपियों को उम्रकैद

➲ अदालत ने 28 हजार रुपए के अर्थदण्ड का फैसला सुनाया



फतेहपुर, (अमर चेतना)। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट नंबर एक के विद्वान न्यायाधीश मोहम्मद इलियास ने अबोध बच्ची की हत्या कर बलि चढ़ाने के विचाराधीन वाद की सुनवाई करते हुए आरोपी तांत्रिक और उसके चेला को उम्रकैद की सजा के साथ ही 28 हजार रुपए अर्थदंड का फैसला सुनाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कल्पना पाण्डेय ने बताया कि बिंदकी कोतवाली के नंदापुर गांव में 21 मार्च 2019 की सांयकाल करीब पांच बजे वादी मुकदमा रामखेलावन की दो वर्षीय पुत्री को दरवाजे पर अन्य बच्चों के साथ खेलते समय गली में मौजूद तांत्रिक हेमराज और उसके चेला ननकू अपहरण कर ले गए और उसकी गड़ासा से हत्या कर बलि चढ़ा दी थी। इसके बाद शव को नाला में फेंक कर फरार हो गए थे। पीड़ित पिता रामखेलावन ने 22/2019 को बिंदकी कोतवाली में तहरीर देते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया, जिसका अदालत में विचारण चल रहा था। उन्होंने बताया कि विद्वान न्यायाधीश मोहम्मद इलियास ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्क सुनने तथा पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तांत्रिक और उसके चेला को उम्रकैद की सजा तथा कुल 28 हजार रुपए अर्थदंड का फैसला सुनाया।